Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एसीबी मुख्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित।**

जयपुर, 5 जून 2025। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान द्वारा आज एसीबी मुख्यालय परिसर में महानिदेशक एसीबी डॉ रवि प्रकाश मेहरडा की अध्यक्षता में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्यूरो के महानिदेशक सहित समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया गया।

इस अवसर पर महानिदेशक एसीबी ने सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में हमारा उत्तरदायित्व है।

**महानिदेशक एसीबी** ने कहा की ब्यूरो में आयोजित आज के कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल हरियाली को बढ़ावा देना था, बल्कि पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता को भी प्रोत्साहित करना हैं। इस अवसर पर डॉ. मेहरडा द्वारा ब्यूरो परिसर में विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे भी लगाए गए।उन्होंने कहा की ब्यूरो द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता लाना व पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना निरंतर जारी रहेगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम में एसीबी के उपमहानिरीक्षक प्रथम श्री कालूराम रावत, उपमहानिरीक्षक द्वितीय श्री राहुल कोटोकी, पुलिस अधीक्षक डॉ प्यारेलाल शिवरान एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार पौधे लगाए गए, जिनमें करंज बिसमार्किया , गुलमोहर नीम, जामुन, एवं आम प्रमुख रहे।

एसीबी कर्मचारियों ने पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया, ताकि ये पौधे भविष्य में सशक्त वृक्ष बन सकें।